

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणा:–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

कालन्त्ररूपमाला

(पञ्चसन्धि)

ग्रन्थकर्त्ता
परम पूज्य आचार्यश्री शर्मवर्म जी महाराज

टीकाकार
परम पूज्य आचार्यश्री भावसेन जी महाराज

अनुवाद–सम्पादन
ब्रह्मचारी प्रदीप शास्त्री–पीयूष

मुद्रक
श्री दिगम्बर साहित्य प्रकाशन समिति
जबलपुर (मध्यप्रदेश)

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)

परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)

परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

दिगम्बरार्य श्री १०८ पूज्यपादस्वामी–विरचित जैनेन्द्र–व्याकरणस्य
दिगम्बरार्य श्री १०८ अभयनन्दिकृत–

जैनैन्द्र–महावृत्ति

(पञ्च–सन्धि)

अनुवाद/सम्पादन

साहित्याचार्य बा. ब्र. डॉ. प्रदीप शास्त्री "पीयूष"

६१०, संजीवनी नगर गढा, जबलपुर (म. प्र.)

६४२४६–१४१४६, ६८२६१–४४६५४, ०६६३४८–६६०६१, ०६८२६६–४५५३५, ६५६०४६८५४७
०६५६०४६८५४७

प्रकाशक

श्री दिगम्बर साहित्य प्रकाशन समिति बरेला, जबलपुर (म. प्र.)

साहित्याचार्य डॉ. पं. पन्नालाल जैन संस्थान

६१०, संजीवनी नगर गढा, जबलपुर (म. प्र.)

संस्करण प्रथम– (२१.०७.२०१५) लागत व्यय–४५० (चार सौ पचास) रुपये

श्री शर्ववर्मकृतकलाप–व्याकरणस्य वादिपर्वतवज्रश्रीमद्भावसेनत्रैविद्यकृता टीका

कातन्त्र–रूपमाला – पञ्च– सन्धि

जैनेन्द्र–महावृत्ति तथा पाणिनिकृत् व्याकरण के ससूत्र

अनुवाद/सम्पादन
साहित्याचार्य बा. ब्र. डॉ. प्रदीप शास्त्री "पीयूष" (एम. ए.)

साहित्याचार्य डॉ. पं. पन्नालाल जैन संस्थान
६१०, संजीवनी नगर जबलपुर (म. प्र.)
६४२४६–१४१४६, ६८२६१–४४६५४, ०६६३४८–६६०६१ ०६८२६६–४५५३५

प्रकाशक – :
श्रीदिगम्बर साहित्य प्रकाशन समिति बरेला जबलपुर (म. प्र.)
साहित्याचार्य डॉ. पं. पन्नालाल जैन संस्थान
६१०, संजीवनी नगर जबलपुर (म. प्र.)
६४२४६१४१४६, ६८२६१४४६५४, ०६६३४८६६०६१ ०६८२६६४५५३५

संस्करण प्रथम– (२१.०७.२०१५)
लागत व्यय–४५० (चार सौ पचास) रुपये

समर्पण

जो तीर्थंकर महावीर की
परम्परा के
समुज्ज्वल नक्षत्र हैं,
जिनका अद्‌भुत जीवन
अध्यात्म की पवित्र प्रेरणा
प्रदान करता है,
जिनके विचार, भूले भटके
जीवन राहियों का
पथ–प्रदर्शन करते हैं,
उन्हीं श्रद्धालोक के देवता,
श्रमण संस्कृति के
कीर्ति स्तम्भ
परम पूज्य गुरुवर
राष्ट्रसन्त, विश्वविख्यात, सन्त शिरोमणी
आचार्य श्री १०८ विद्यासागर जी महाराज
के पचासवें
संयमपदारोहण वर्ष की
पावन बेला में
उनके पवित्र श्रीकरकमलों में
सादर
सविनय
समर्पित।

बाल ब्र. डॉ. प्रदीप शास्त्री पीयूष

२१.०७.२०१५

टीप – सम्प्रति अडतालीसवाँ संयममहोत्सव चल रहा है।

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की जीवन झाँकी

पूर्वनाम	:	ब्र. विद्याधर जी
जन्म	:	१० अक्टूबर १९४६ (शरद पूर्णिमा)
जन्म स्थान	:	सदलगा, जिला–बेलगाँव (कर्नाटक)
पिता का नाम	:	श्री मलप्पा जी
		(समाधिस्थ – मुनि श्री १०८ मल्लिसागर जी महाराज)
माता का नाम	:	श्रीमती श्रीमती जी
		(समाधिस्थ–आर्यिका १०५ समयमति माता जी)
ब्रह्मचर्य व्रत	:	१९६७ में आचार्य श्री देशभूषण जी महाराज से
मुनि दीक्षा	:	३० जून १९६८ में आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज से
दीक्षास्थल	:	अजमेर (राज.)
आचार्यपद	:	२२ नवम्बर १९७२ (मगसिर कृष्ण दोज) नसीराबाद में
शिक्षा	:	हाई स्कूल (कन्नड़ माध्यम से)
कृतित्व	:	नर्मदा का नरम कंकड़, डूबो मत/लगाओ डुबकी, तोता क्यों रोता (काव्य–संग्रह), चेतना के गहराव में (सचित्र) प्रतिनिधि काव्य संकलन, मूकमाटी (महाकाव्य), छह संस्कृत शतकों के अतिरिक्त अनेक ग्रन्थों का पद्यानुवाद तथा हिन्दी, अंग्रजी, कन्नड़, बंगला आदि में स्फुट रचनाएँ भी।
संयमी सृजन	:	बाल ब्रह्मचारी– १०२ मुनि, बाल ब्रह्मचारिणी– १९५ आर्यिकायें, बाल ब्रह्मचारी– ८ ऐलक जी, बाल ब्रह्मचारी –५ क्षुल्लक जी, समाधि प्राप्त लगभग– ३५ (मुनि, आर्यिका, क्षुल्लक, क्षुल्लिका)

परिचय के गवाक्ष से

नाम	:	बाल ब्र. डॉ. प्रदीप शास्त्री पीयूष
जन्म	:	०४ अगस्त १९६७
जन्म स्थान	:	ग्वालियर (म.प्र.)
शिक्षा	:	साहित्य से आचार्य एवं एम. ए. (संस्कृत से)
पिता का नाम	:	स्व. सेठ श्री टीकाराम जी जैन, नायक (जैसवाल)
माता का नाम	:	श्रीमती बादामी देवी जैन
भाई तीन बड़े	:	महेश चन्द्र–सुरेश चन्द्र–भगवानदास जैन
बहिन तीन बड़ी	:	श्रीमती हेमलता–सुमन–प्रभा जैन
ब्रह्मचर्य व्रत	:	०१ जून १९८७ ललितपुर (उ.प्र.)
सप्तमप्रतिमा	:	३० अप्रैल २०१२ चन्द्रगिरि (डोगरगढ़, छ.ग.)
उपाधि	:	पी. एच. डी.
		(अष्टाध्यायी एवं जैनेन्द्र व्याकरण का तुलनात्मक अध्ययन)
हिन्दी अनुवाद	:	कातन्त्र–रूपमाला, जैनेन्द्र महावृत्ति (संस्कृत व्याकरण)
संकलन/सम्पादन	:	जिनभारती संग्रह, (जिनवाणी संग्रह), नित्यपूजा, जिनपूजा, जिन–अर्चना, धर्मध्यान, तत्त्वार्थसूत्र, द्रव्यसंग्रह प्रश्नोत्तर प्रदीप, छहढाला प्रश्नोत्तर प्रदीप, रत्नकरण्डक श्रावकाचार, समयसार (गुटका), इष्टोपदेश (गुटका), तिलोय–पण्णत्ती प्रश्नोत्तर प्रदीप, सर्वोपयोगी प्रश्नोत्तर प्रदीप भाग १–२–३–४ इत्यादि लगभग १५०पुस्तके प्रकाशित हो चुकी हैं।

कहाँ/क्या?

१. मंगल आशीर्वचन	÷	आचार्य श्री १०८ वर्धमानसागर जी	–	७
१. मंगल आशीर्वचन	÷	आचार्य श्री १०८ विनम्रसागर जी	–	७
२. आशीर्वचन	÷	मुनि श्री १०८ निर्णयसागर जी	–	८
३. आमुख	÷	मुनि श्री १०८ निर्दोषसागर जी	–	६
४. अपनी बात	÷	मुनि श्री १०८ निर्लोभसागर जी	–	११
५. शुभाशंसा	÷	साहित्याचार्य डॉ. पन्नालाल जी	–	१२
६. भूमिका	÷	ब्र. प्रदीप शास्त्री पीयूष	–	१३
७. भाषा का महत्त्व	÷	पं. के. पी. जैन, एम. सी, जैन	–	२१
७. सन्धि विवेचन	÷		–	२२
७. भाषा का महत्त्व	÷	पं. के. पी. जैन, एम. सी, जैन	–	२१
८. कातन्त्र–रूपमाला : एकपरिचय	÷	नीरज जैन	–	३४
६. ग्रन्थ–प्रारम्भ–पञ्चसन्धि	÷		–	३३
१०. सञ्ज्ञाचक्रम्			–	३७
१०. अथ सञ्ज्ञासन्धिः			–	३६
११. स्वर सन्धि सम्बन्धी चक्र			–	५७
१२. अथ स्वरसन्धिरुच्यते			–	५८
१३. अथ दीर्घसन्धिः			–	५६
१४. अथ गुणसन्धिः			–	६३
१५. अथ वृद्धिसन्धिः			–	३७३
१६. अथ यण्सन्धिः			–	८२
१७. अयादिसन्धि			–	८७
१८. अथ प्रकृतिभावसन्धिः			–	१००
१६. व्यञ्जन सन्धि सम्बन्धी जानकारी			–	१०६
२०. अथ व्यञ्जनसन्धिरुच्यते			–	११२
२१. विसर्जनीय सन्धि सम्बन्धी जानकारी			–	१३७
२२. अथ विसर्जनीयसन्धिरुच्यते			–	१३६
२३. अथ स्यादिसन्धिः			–	१४५
२४. कातन्त्र–रूपमाला (पञ्च–सन्धि) के सूत्र पाठ			–	१६१
२५. जैनेन्द्र–महावृत्ति(पञ्च–सन्धि)			–	१७१
२६. अथ संज्ञाप्रकरणम्			–	६६२
२७. अथ प्रकृतिभावसन्धिः			–	१७६
२८. अथ हलसन्धिः			–	१८१
२६. ।।अथ विसर्गसन्धिः।।			–	१८६
३०. ।अथ स्वादिसन्धि।।			–	१८७

"मंगल आशीर्वचन"

श्रीशर्मवर्मकृत **"कलाप–व्याकरण"** की श्रीमद्भावसेन त्रैविद्य कृत टीका युक्त **"कातन्त्र–रूपमाला"** का संस्कृत व्याकरण जगत् में महत्त्वपूर्ण स्थान है। सुबोधगम्य सूत्र और प्रकरण बद्ध यह रचना **"बालबोधाय कथ्यते"** की उक्ति को सार्थक करती है। मंगलाचरण में वीरप्रभु, सरस्वतीदेवी और वृषभसेन से गौतमप्रभु पर्यन्त तीर्थंकरदेवों के समस्त गणधरों का मंगलाचरण में स्मरण करके भक्तिपूर्वक मूलोत्तर गुणों के धारक समस्त ढ़ाई द्वीपों के मुनियों को नमस्कार किया गया है। सरलसुबोध इस व्याकरण का पठन–पाठन प्रायः दिगम्बर सम्प्रदाय के मुनिसंघों में संस्कृत व्याकरण का अध्ययन करने हेतु किया जाता है।

हमने जब **"कातन्त्र–रूपमाला"** का अध्ययन किया तब **"कातन्त्र–रूपमाला"** अपने मूलरूप में ही थी, उसकी हिन्दी व्याख्या नहीं थी। सम्प्रति हिन्दी रूप में संक्षिप्त अनुवाद के पश्चाद् **ब्र. भैया प्रदीप शास्त्री पीयूष जी** ने सम्पूर्ण **"कातन्त्र–रूपमाला"** की हिन्दी व्याख्या विस्तार के साथ की है। सम्प्रति अध्ययन करने वालों के लिए अध्ययन करने में सुगमता हो गई है। संस्कृत–व्याकरण का अध्ययन करने के लिए संस्कृत का ज्ञान होने पर ही समझा जा सकता था, किन्तु अब शोधकप्रज्ञा प्राप्त व्याकरण के गहन अध्येता **ब्र. पीयूष जी** ने अपनी विस्तृत व्याख्या से इस ग्रन्थ का अध्ययन सुगम बना दिया है। **ब्र. पीयूष जी** ने, जैन जगत के सिरमोर, आर्षपरम्परा के संरक्षक, मनीषी विद्वान्, **साहित्याचार्य डॉ. पं. पन्नालाल जी** सागर से अध्ययन का सुयोग पाकर अपनी प्रज्ञा को परिमार्जित कर, इस दुरुह कार्य को किया है। **"कातन्त्र–रूपमाला"** की सम्पूर्ण विस्तृत टीका अध्येताओं को पूर्व में उपलब्ध हो चुकी है। अब पूर्वार्द्ध के अन्तर्गत संशोधित एवं संवर्द्धित **"पञ्च–सन्धि"** को जैनेन्द्र–महावृत्ति एवं पाणिनि व्याकरण के ससूत्र के प्रकाशन से व्याकरण ग्रन्थ की समग्र विस्तृत पूर्ण व्याख्या उपलब्ध हो सकेगी। शनैः शनैः लिंग, समास इत्यादि प्रकरण भी **ब्र. पीयूष जी** द्वारा प्रकाशित हो तथा **ब्र. पीयूष जी** ने, अपने जीवन में व्रतों के साथ ज्ञान प्राप्त किया, वे जिनवाणी की सेवा और आत्मसाधना में लगे रहें, उन्हें हमारा मंगल आशीर्वाद.....।

२४.०२.२०१४ **आचार्य वर्धमानसागर**

ग्वालियर (म.प्र.) **(चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री १०८ शान्तिसागर जी महाराज (दक्षिण) के वर्तमान पट्टाचार्य)**

"आशीर्वचन"

संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी कही जाती है यदि संस्कृत भाषा होती तो शायद ही अन्य हिन्दी, अग्रेजी आदि भाषाओं को शुद्ध बोला जा पाता। हमने अपने छात्र जीवन में संस्कृत भाषा को कोई महत्व नहीं दिया था। अंग्रेजी को बहुत चाहा था। लेकिन जब परमपूज्य गुरुदेव श्री विरागसागर जी महाराज ने हमें जबरदस्ती कान्तत्र–रूपमाला के सूत्रों को पढ़ाया तो ये सूत्र पढ़कर हमें संस्कृत भाषा का ज्ञान हुआ जिसके माध्यम से हमने सभी भाषाओं को शुद्ध बोलना जान लिया। यह कातन्त्र–रूपमाला दिखने में तो एक छोटा सा ही ग्रन्थ है लेकिन इसका अध्ययन हमें शब्दों का विशष ज्ञान कराता है।

एक समय था जब संस्कृत भाषा को पढ़ाने के लिये जैन विद्वानों का अभाव था। क्षुल्लक श्री सहजानन्द जी वर्णी, गणेश प्रसाद जी वर्णी आदि जैसे संतों को कोई संस्कृत पढ़ाने बाला नहीं था। उन्होंने संस्कृत भाषा को पढ़ने के लिये कितने कष्ठ उठाये, यह सर्वविदित है। अनादर और अपमान सहन कर उन्होंने संस्कृत भाषा को पढ़ा।

संस्कृत विभाग की परीक्षा में लघुसिद्धान्त–मध्यसिद्धान्त–सिद्धान्त कौमुदी पाढ्यक्रम में होने से उन्हीं का पठन–पाठन प्रचलित रहा। सम्प्रति ब्र. प्रदीप शास्त्री पीयूष जी द्वारा कातन्त्र–रूपमाला का अध्ययन कर, सरल, स्पष्ट–सूक्ष्म विवेचन के साथ विस्तृत टीका कर इसे प्रकाशन कराकर आज सन्तों व श्रावकों के लिए संस्कृत भाषा का अध्ययन सुगम बनाया। इस कातन्त्र–रूपमाला को पढ़कर संस्कृत भाषा को पढ़ना बहुत सुगम व सरल हो जाता है, इसके अध्ययन के विना प्राचीन आचार्यों के कथन को सही ढंग से समझना सम्भव नहीं है।

ब्र. भैया प्रदीप शास्त्री पीयूष जी की संस्कृत भाषा पर अच्छी पकड़ है, उनका यह अध्ययन जैन दर्शन के साहित्य–जगत में बहुत ही महत्वशाली है। आगम के प्रति उनकी श्रद्धा, सन्तों के प्रति सम्मान, विद्वानों के प्रति आदर से ने उनके व्यक्तित्व को बहुत ही श्रेष्ठ बनाया है। उनका सुलझा हुआ व्यक्तित्व, विवादों से रहित व्यवहार हमें बहुत पसंद आता है। इस **"कातन्त्र–रूपमाला"** की उनके द्वारा की गई हिन्दी टीका से सभी लोगों में संस्कृत भाषा को पढ़ने में अवश्य ही सुगमता होगी।

युगों युगों तक **ब्र. पीयूष जी** की यह मेहनत असीम पुण्यबन्ध कराएगी और यह कृति अविस्मरणीय रहेगी। **ब्र. पीयूष जी** इसी तरह जिनवाणी की सेवा में निरन्तर लगे रहें, स्वयं ज्ञानोपयोगी बनकर सभी को ज्ञान प्राप्त कराएँ और भविष्य में उत्कृष्ट साधना करते हुए दिगम्बरत्व पाकर समाधि को प्राप्त करें।

हमारा उनके इस श्रेष्ठ कार्य के लिए मंगलमय आशीर्वाद है।

०५.११.२०१४, मधुवन शिखर जी **उच्चारणाचार्य श्रमण विनम्रसागर**

आशीर्वचन

आचार्य श्री शर्मवर्म कृत **"कलाप–व्याकरण"** के सूत्रों की संस्कृत वृत्ति वादिपर्वत श्रीमद् भावसेन त्रैविद्य के द्वारा लिखि गई है। **"कातन्त्र–रूपमाला"** का पठन–पाठन प्रायः कर दिगम्बर आम्नाय के संघों में हुआ करता है। इसके अध्ययन से दिगम्बर जैनसिद्धान्त ग्रन्थों का अध्ययन सहजता से हो जाता है। पूज्य गुरुवर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जब भी संघ को व्याकरण पढ़ाते थे, तब वे मूलसूत्र की संस्कृतवृति से ही पढ़ाते थे। उस समय हिन्दी टीका उपलब्ध नहीं होने से पढ़ने वाले पाठकगणों को पढ़ने में कठिनाई होती थी। परन्तु **"बाल ब्रह्मचारी प्रदीप शास्त्री पीयूष"** के द्वारा इसकी विस्तृत हिन्दी टीका करने पर, पढ़ने वालों को व्याकरण पढ़ने में सुलभता हो गई है। **"कातन्त्र–रूपमाला"** का पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध का प्रथम भाग द्वितीयभाग और तृतीयभाग पूर्व में प्रकाशित होने पर आचार्य श्री द्वारा पाठयित व्याकरण का अवलोकन उपर्युक्त अनुवाद द्वारा सहज और सरल हो गया।

प्रस्तुत ग्रन्थ मात्र पंचसंधि रूप में ही प्रकाशित हो रहा है। पंचसंन्धि के अनुवाद को संशोधित एवं संवर्धित कर नये प्रारूप में प्रकाशित किया जा रहा है। कातन्त्र–रूपमाला के साथ तुलनात्मक जैनेन्द्र–व्याकरण तथा पाणिनिकृत सूत्र होने से **ब्र. पीयूष जी** की बौधिकता प्रदर्शित होती है।

कातन्त्र–रूपमाला की पंचसंधि की हिन्दी टीका करने में ब्रह्मचारी जी ने जो श्रम किया है, वह अन्य विद्वानों को भी प्रेरणादायी है। अब सम्भवतया **पीयूष जी** की लेखनी लिंग–समास आदि तथा जैनेन्द्र महावृत्ति के लिखने में चलेगी।

कातन्त्र–व्याकरण के इस पंच–सन्धि प्रकरण के प्रकाशन के लिये ब्रह्मचारी जी को मेरा शुभाशीष है। वे इसी प्रकार जिनवाणी की सेवा और स्वयम् की आत्म साधना में लगे रहें, और शीघ्र ही लिंग–समास आदि तथा जैनेन्द्र–महावृत्ति को भी प्रकाशित कर, समाज के मध्य लायें, ताकि पठन–पाठन में सम्पूर्ण व्याकरण उपलब्ध हो सके। इसके प्रकाशन में जिनका भी प्रत्यक्ष–परोक्ष सहयोग जिस रूप में भी रहा है, उन सबको मेरा आशीर्वाद है। प्रस्तुत ग्रन्थ पठन–पाठन में आये एवं शोधार्थी छात्र जैन–व्याकरण पर शोध कर सकें, इसी भावना के साथ इत्यलम्।

०२.०२.२०१५ **मुनि निर्णयसागर**

(शिष्य–आचार्य श्री १०८ विद्यासागर जी महाराज)

आमुख

संस्कृत भाषा एक अत्यन्त प्राचीन भाषा है, समस्त भाषाओं में संस्कृतभाषा का मुख्य और उच्च स्थान है। वर्तमान में विद्यार्थी इस भाषा से पराङ्मुख तथा इंग्लिश भाषा में द्रुतगति से प्रभावित होते जा रहें हैं। लेकिन वास्तव में गम्भीरता से विचार किया जाये तो सम्पूर्ण जैनसिद्धान्त संस्कृत और प्राकृतभाषा में ही उपलब्ध है। यदि कोई जैनसिद्धान्त के गूढ़ रहस्यों को जानना चाहता है और साक्षात् उन पूर्वाचार्यों से वार्तालाप करना चाहता है तो उसको संस्कृत व्याकरण पढ़ना ही पढ़ेगी। इसके विना यदि कोई जैनसिद्धान्त के रहस्य को समझने का प्रयास करता है, तो उसका यह प्रयास ऐसा है, जैसे कोई बालक जल में पड़ते हुए चन्द्रमा के प्रतिबिम्ब को पकड़ना चाहता है। अथवा यूँ कहें कि विना संस्कृत के जैनसिद्धान्त में प्रवेश करने का प्रयास वौना है।

वर्तमान में पाणिनीयकृत् व्याकरण का प्रचलन है। जैन व्याकरण और पाणिनि व्याकरण का अध्ययन व्याकरण के तलस्पर्शी विद्वान् **"साहित्याचार्य बाल ब्रह्मचारी भाई श्री प्रदीप शास्त्री पीयूष जी"** ने किया है। **"कातन्त्र–रूपमाला"** का हिन्दी अनुवाद उपलब्ध नहीं होने से वह पठन–पाठन में प्रचलित नहीं हो पाई। **ब्र. पीयूष जी** द्वारा **"कातन्त्र–रूपमाला"** की विस्तृत सरल टीका कर, इसको पठन–पाठन के योग्य बना दिया है।

प्रस्तुत पंचसन्धि के पूर्व कातन्त्र–व्याकरण का हिन्दी अनुवादित पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध प्रकाशित हो कर के पाठकों के हाथ में आया। जिसके विषय को पढ़कर के जिज्ञासुओं ने हृदय से सराहना की, इसके उपलब्ध होने पर ही अनेक त्यागी–व्रतियों ने संस्कृत व्याकरण का अध्ययन प्रारम्भ कर दिया।

पाठकगणों की रुचि को देखकर के आदरणीय **भाई सा. प्रदीप जी** ने **"कातन्त्र–रूपमाला"** के इस पंचसन्धि प्रकरण को संशोधित एवं संवर्धित कर, जैनेन्द्र–व्याकरण एवं पाणिनी व्याकरण के तुलनात्मक सूत्रों के साथ प्रकाशित करने का मन बना लिया, ताकि अध्येता, व्याकरण में पारङ्गत हो सके।

कठिन परिश्रम करके **भाई सा. श्री पीयूष जी** ने **"कातन्त्र–रूपमाला"** नामक ग्रन्थ को पाठकों तक भेजने का प्रयास किया है, जो अपने आप में समादरणीय है।

संस्कृत भाषा और उसका साहित्य हमारे पूर्वाचार्यों की अमूल्य देन है। जिसकी परम्परा आज तक अविच्छन्न रूप से हमें प्राप्त है। मैं समझता हूँ कि आज जितने भी जैन विद्वान् व्याकरण के ज्ञाता नजर आते हैं वे सब **"पूज्य श्री गणेश प्रसाद वर्णी जी महाराज"** की देन हैं। उन्हीं वर्णी जी महाराज की कृपादृष्टि से पण्डित प्रवर **डॉ. श्री पन्नालाल जी साहित्याचार्य**, सागर, व्याकरण के मूर्धन्य विद्वान् हुए। उन्हीं की छत्रछाया में रह कर आदरणीय **भाई सा. ब्र. प्रदीप शास्त्री पीयूष जी** ने व्याकरण में पारङ्गता प्राप्त की। उनके अध्ययन की रुचि को देखकर मेरे द्वारा और अनुज भ्राता ब्र. कमल जी द्वारा भी व्याकरण का अध्ययन किया गया।

जिसके फलस्वरूप **"सुबोध संस्कृत भारती"** का सृजन हम दोनों के द्वारा किया गया जिसका सम्पादन आदरणीय भाई सा. पीयूष जी द्वारा किया गया।

संस्कृत का विशाल साहित्य अमूल्य ग्रन्थ रत्नों का सागर है। इतना समृद्ध साहित्य किसी भी दूसरी प्राचीन भाषा का नहीं है और न ही किसी अन्य भाषा की परम्परा इसके समान अविच्छिन्न प्रवाह के रूप में इतने दीर्घ काल तक रह पाई है।

संस्कृत का शब्द भण्डार अथाह है। इसका विस्तृत धातु पाठ नित्य नये शब्दों को बनाने में समर्थ रहता है।

आचार्य श्रीशर्ववर्मन् जी द्वारा रचित यह **"कातन्त्र–रूपमाला"** समस्त व्याकरणों में श्रेष्ठ और सर्वाङ्ग है। परिमार्जित एवं अतीव सरल शैली में लिखी गई है। इसकी विशेषता यह है कि कितने ही स्थलों पर एक ही सूत्र से शब्द की सिद्धि हो जाती है तथा इसमें बहुत छोटे–छोटे सूत्र हैं। साथ ही सूत्रों में उत्तर भी रहता है। जैसे– **"ए अय्", "ऐ आय्", "ओ अव्", "औ आव्"** इत्यादि। इन सूत्रों से ही स्पष्ट होता है कि ए के स्थान पर अय् आदेश, ऐ के स्थान पर आय् आदेश, ओ के स्थान पर अव् आदेश तथा औ के स्थान पर आव् आदेश होता है। इत्यादि अनेक सूत्रों से अर्थ स्पष्ट होता है।

इस प्रकार सम्पूर्ण **"कातन्त्र–रूपमाला"** में प्रत्याहार प्रक्रिया नहीं होने से विद्यार्थी को थोड़ा सा संकेत मिलने पर वह सुगमता से विषय को समझ लेता है।

लोग कहते हैं कि संस्कृत व्याकरण को पढ़ना लोहे के चने चबाने की तरह है। सर्वप्रथम तो लोहे के चने चबते ही नहीं और चब भी जायें तो पचते नहीं। इस प्रकार की प्रायः प्राणियों की धारणा है। लेकिन "कातन्त्र रूपमाला" लोहे के चने नहीं, बल्कि दूध मलाई के सदृश है। इसको सभी जन सहज–सरल रूप से तैयार कर सकते हैं, यदि पढ़ने की रुचि हो तो।

अन्त में, मैं यही कहूँगा कि **भाई साहब श्री प्रदीप जी** ने कठिन परिश्रम करके इस कृति को पठनीय बना दिया है। इसके लिये में उनके लिये कोटिशः धन्यवाद देता हूँ तथा भावना भाता हूँ कि आपकी लेखनी इसी प्रकार अविरल–अविराम चलती रहे।

उदासीन आश्रम, इसरीबाजार **बाल ब्र. पवन जैन**

(सम्प्रति–मुनि श्री निर्दोषसागर जी महाराज)

नोट– आपकी दीक्षा–१०.०८.२०१३ को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा अतिशय क्षेत्र रामटेक में हुई, "आमुख" दीक्षा के पूर्व लिखा गया है।

अपनी बात

वैसे तो सभी साहित्य पठनीय होता है। सभी के अपने विशिष्ट गुण हैं। सभी ने अपने उपकार से मानव समाज को ही नहीं, किन्तु अन्य प्राणियों को भी स्वस्थ सुखी तथा अज्ञान–अन्धकार से हीनाधिक ऊपर उठाया है, किन्तु जब संस्कृत की ओर ध्यान जाता है तो बरबस ही मन–मयूर प्रफुल्लित हो नृत्य करने लगता है। ऐसी भावना जागरित हो उठती है कि मानों आनन्द–सरिता में किल्लोल कर रहा हो। यह निश्चय हो जाता है कि उत्कृष्ट मनुष्य जीवन का सर्वस्व प्राप्तव्य अब यहीं मिलेगा। क्योंकि सम्पूर्ण जैन साहित्य, न्याय, सिद्धान्त सभी संस्कृत और प्राकृत भाषा में ही लिखे गये हैं।

वर्तमान में ब्रह्मचारी भाईओं में अध्ययन के प्रति अरुचि देखकर खेद होता है, कि अब कैसे अपूर्व जैन साहित्य का प्रचार–प्रसार होगा। सम्प्रति विद्वज्जन भी विधि–विधान में संलग्न हैं, परन्तु वे विस्मृत हैं कि विना संस्कृत के वे मन्त्रों का उच्चारण नहीं कर पा रहे हैं, फिर भी वे संस्कृत नहीं पढ़ना चाहते हैं। आज बहुताय विधानाचार्यों को मंगलाष्टक का उच्चारण तक नहीं बनता है। मैं अनुरोध करता हूँ उन विधानाचार्यों से कि वे सर्वप्रथम संस्कृत व्याकरण का अध्ययन कर अपने आप को परिपक्व बनाये। मैं धन्यवाद देता हूँ **"साहित्याचार्य बाल ब्रह्मचारी भाई श्री प्रदीप शास्त्री पीयूष जी"** को जिन्होंने पण्डित प्रवर **डॉ. श्री पन्नालाल जी साहित्याचार्य** सागर से, जैनसिद्धान्त, न्याय और व्याकरण का ठोस अध्ययन कर जिनागम के प्रकाशन में संलग्न हैं।

पाठकगणों की रुचि को देखकर आदरणीय **भाई सा. प्रदीप जी** ने **आचार्य श्री शर्ववर्मन् जी** द्वारा रचित **"कातन्त्र–रूपमाला"** का सरलतम हिन्दी अनुवाद कर व्याकरण को सर्वोपयोगी बना दिया है। **"कातन्त्र–रूपमाला"** का पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध पूर्व में प्रकाशित हो चुका है, जो अनेक साधकगणों को अध्ययन में सहयोगी रहा। सम्प्रति **"कातन्त्र–रूपमाला"** का पंच सन्धि का प्रकरण प्रकाशित हो रहा है, जो संस्कृत अध्येताओं को अध्ययन करने में सहयोगी रहेगा।

आदरणीय **भाई सा. श्री पीयूष जी** ने दुरुह **"कातन्त्र–रूपमाला"** नामक व्याकरण के स्थलों को सरलतम हिन्दी की तरह बना दिया है। कोई भी पाठक इसे पढ़कर संस्कृत के शब्द–विश्व के ऊपर सदैव अप्रकम्पनीय वह आधिपत्य स्थापित कर सकता है, जिसे कभी भी कोई डिगा नहीं सकता है।

प्रस्तुत **"कातन्त्र–रूपमाला"** का पंचसंधि प्रकरण का हिन्दी अनुवाद रूप व्याख्यान किया गया है, जो पाठकगणों को अध्ययन में सहयोगी रहेगाा। आज हमें **"पूज्य श्री गणेश प्रसाद वर्णी जी महाराज"** का उपकार स्मरण करना चाहिये जिन्होंने पण्डित प्रवर **डॉ. श्री पन्नालाल जी साहित्याचार्य**, सागर जैसे मूर्धन्य विद्वान् तैयार किये। उनकी छत्रछाया में रह कर अनेक विद्वान् व्याकरण में पारङ्गता को प्राप्त हुये हैं। इत्यलम्.....।

उदासीन आश्रम, इसरीबाजार **बाल ब्र. कमल जैन**

(सम्प्रति–मुनि श्री निर्लोभसागर जी महाराज)

नोट– आपकी दीक्षा–१०.०८.२०१३ को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा अतिशय क्षेत्र रामटेक में हुई, "अपनी बात" दीक्षा के पूर्व लिखा गया है।

शुभाशंसा

श्रीआचार्यभावसेनत्रिविद्य मुनिराज ने **"कलाप–व्याकरण"** पर **"कातन्त्र–रूपमाला"** की रचना की है। इसके कर्त्ता शब्दागम, तर्कागम, न्यायशास्त्र और परमागम–सिद्धान्त इन तीन विद्याओं के प्रकाण्ड विद्वान् थे। अतः उन्हें त्रैविद्य की उपाधि से अलंकृत किया गया है। **"कातन्त्र रूपमाला"** सरल व सुबोध व्याकरण है।

कातन्त्र का अर्थ लघुता से है। अर्थात् **"कु अर्थात् ईषत् व्याकरणम् कातन्त्रम्"। "का त्वीषदर्थे क्षे"** (४६५) सूत्र द्वारा **"कु"** के स्थान पर **"का"** आदेश हुआ है। यहाँ पर कु का अर्थ संक्षिप्त होता है यानि **"ईषद् जलं काजलं"** थोड़ा पानी। स्पष्ट है कि किसी बड़े ग्रन्थ का संक्षेप होने के कारण इसका नाम कातन्त्र पड़ा।

रचनाकार ने इसे पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध रूप दो भागों में विभाजित किया है। पूर्वार्द्ध भाग में सन्धि, लिंग, अव्यय, कारक, समास एवं तद्धित आदि के प्रकरण हैं। उत्तरार्द्ध भाग में तिङन्त एवं कृदन्त के प्रकरण लिये गये हैं।

मेधावी छात्र **"बाल ब्रह्मचारी प्रदीप शास्त्री पीयूष"** जी ने अथक परिश्रम करके **"कातन्त्र–रूपमाला"** के दोनों भागों की सरल भाषा में हिन्दी टीका की है। इन्होंने आद्य कथन में जैनेन्द्र व्याकरण, पाणिनीय व्याकरण तथा कातन्त्र–रूपमाला की तुलनात्मक समीक्षा की है।

मुझे अत्यन्त प्रसन्नता है कि **"बाल ब्रह्मचारी प्रदीप शास्त्री पीयूष"** जी ने अपनी मेधा बुद्धि को ग्रन्थ रचना, टीकाकरण, सम्पादन तथा प्रकाशन के योग्य विकसित किया है।

व्याख्या की शैली सुबोध और सरल है। सरल करने का भी एक कारण है कि व्याकरण में यदि प्रवेश चाहते हैं तो पंचसन्धि को धातुओं को समझना अत्यन्त आवश्यक है। आपके द्वारा **"जैनेन्द्र महावृत्ति"** का हिन्दी अनुवाद किया है तथा आचार्य श्री पूज्यपाद स्वामी रचित जैनेन्द्र महावृत्ति महाव्याकरण का आधार लेकर **"जैनेन्द्र सिद्धान्तवृत्ति"** का सृजन किया जा रहा है।

आपका अधिक से अधिक समय लेखन, पठन और पाठन में ही व्यतीत होता है। इन्होंने अभी तक लगभग १५० जैन ग्रन्थों का सम्पादन कर उन्हें सरल व सुबोध भाषा में प्रकाशित किया है। जो जन सामान्य के लिए सरल व ग्राह्य हैं। उनके अनेक संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। एतदर्थ वे धन्यवाद के पात्र हैं। मैं आशा करता हूँ कि इनके द्वारा जिनागम के अन्य ग्रन्थ भी सम्पादित, अनुवादित व प्रकाशित होते रहेंगे। इनके कार्यों के प्रति मेरी शुभाशंसा है। मुझे ऐसा विश्वास है कि संस्कृत व्याकरण सीखने वाले जिज्ञासुओं के लिये उनकी यह कृति अत्यन्त उपयोगी रहेगी।

पूर्वार्द्ध से साभार

साहित्याचार्य डॉ. पन्नालाल जैन, सागर
(सम्प्रति पं. साहब की स्मृति शेष है)

अथ संज्ञाप्रकरणम्

अइउण् (१) ऋऌक् (२) एओङ् (३) ऐऔच् (४) हयवरट् (५) लण् (६) ञमङणनम् (७) झभञ् (८) घढधष् (९) जबगडदश् (१०) खफछठथचटतव् (११) कपय् (१२) शषसर् (१३) हल्(१४) । इति प्रत्याहार सूत्राणि। एषामन्त्या इतः। हकारादिष्वकार उच्चारणार्थः। लण् सूत्रे कार इत्संज्ञकः।

अर्थ - ये चौदह सूत्र प्रत्याहारसूत्र हैं। इन का प्रयोजन अण् आदि संज्ञा करना है। अर्थात् अण् आदि प्रत्याहारों को बनाने में इनका प्रयोग होता है। इन १४ सूत्रों के अन्त्य वर्ण (ण् क् ङ् आदि) इत्सज्ञक हैं। अर्थात् उनका लोप हो जाता है। ह य व र ट् से लेकर ह ल् तक के वर्णों में अकार उच्चारण के लिये है।

परंतु लण् सूत्र में रहने वाला अकार इत्स ज्ञक है।

यया लंणो लकार स्थाडकारेण ..... (सूत्र नं. २४ आदेप् की व्यवस्था पर देखें।)

विशेष प्रत्येक सूत्र के अन्त्य में रहने वाले वर्ण् ण्, क्, ङ्, च्, ट्, ण्, म्, ञ्, ष्, श्, व्, य्, र्, ल्, ये

चौदह वर्ण अन्त्य हैं। इत्संज्ञा से तात्पर्य है "नाशः खम्" (२) १/१/६/।।

सूत्र से इत्सश्ज्ञ का लोप करना है। इन चौदह सूत्र के माध्यम से ४४ प्रत्याहार बनते हैं। जिनका वर्णन आगे **"अन्त्येनेतादि"** (३) १/६/७३

सूत्र की व्याख्या पर करेंगे। व्याकरण को सीखने के लिए प्रत्याहार सूत्रों को समझना अत्यधिक आवश्यक है। बिना प्रत्याहार के समझे व्याकरण में प्रवेश असंभव है। अतः मनोयोग से सबसे पहले चौदह सूत्रों को कण्ठस्थ कर आगे व्याकरण सूत्रों को कण्ठस्थ करना चाहिए।

"ध्यान देने की बात है कि इन सूत्रों और णक्ार दो बार आया है। इसका कारण है कि उसका उपयोग अट् और श्ल् इन दो प्रत्याहारों में होता है। इन दोनों प्रत्याहारों का प्रयोग क्रमशः **"अर्हेण" अट्कुप्वाङ् व्यवाये पि"** (१२८) सूत्र से अट् प्रत्याहार लिया जाता है और **"अधुक्षत्" "इगुङः शला निटो द शः क्सः"** ( )

सूत्र से शल् प्रत्याहार लिया जाता है। जैसा कहा भी है–

"हकारोद्विरूपात्तो यमटि शल्यपि वा छता।

अर्हेणाधुक्षदित्येतद् द्वयं सिद्धं भविष्यति" ।।

अर्थ- "अइउण"– आदि प्रत्याहार सूत्रों में हकार इसलिए दो बार पड़ा है कि अट् प्रत्याहार और शले प्रत्याहार दोनों में आ सके। क्रमशः दोनों में आने का फल है **"अर्हेण"** में तत्व और **"अधुक्षत्"** में क्स की सिद्धि। णकार का प्रयोग आगे **"अणुदित्य स्वस्यात्मना भाव्यो तपरः"** (६) सूत्र की व्याख्या दर्शायेंगे।

(१) संज्ञासूत्रम् – कार्यार्थो प्रयोगीत।।१.२.३।।

शास्त्रे न्यस्य कार्यार्थमाश्रीयते प्रयोगे च न श्रूयते यः स इत्सज्ञो भवति। अन्वर्था चेयमित्स ज्ञा। एति गच्छति नश्यतीतीत् इत्यनेनैव तस्य नाशसम्भवात् शास्त्रान्तरेण खं विधानं व्यर्थम्। इति णादीनामित्संज्ञा।।

अर्थ- शास्त्र में अन्य का कार्य, अर्थ को आश्रय करके और जो प्रयोग नहिं सुना जाता है वह इत्संज्ञक होता है। यह इत् संज्ञा है जो जाता है या नष्ट होता है। वह इत् है। इस प्रकार उस इत् का नाशसम्भव होने से शास्त्र के बिना खम् विधान व्यर्थ है। इस प्रकार ण् को आदि लेकर इत्संज्ञक हैं।

२. विधिसूत्रम् – नाशः खम्।।१.१.६१।।

प्रसक्तस्य नाशः ख-संज्ञो भवति (यस्येत्संज्ञा तस्य खम्)

अर्थ-विद्यमान का नाश ख संज्ञक होता है जिसकी इत्संज्ञा है, उसका खम् होता है। यानी लोप अथवा अभाव होता है।

विशेष– खम् करने का अर्थ है कि **"कार्याथो प्रयोगीत्"** आदि सूत्रों से जिसका इत् होता है उसका लोप यानी अभाव जानना चाहिए।

अर्थात्'– **"अइउण"** आदि सूत्रों में ण् आदि इत्संज्ञक होने से लोप हो जाते हैं। ये ण् आदि अण् आदि प्रत्याहार बनाने के साधन हैं।

३. संज्ञासूत्रम् – अन्त्येनेता दिः।।१.१.७३।।

अन्त्येनेत्संज्ञकेन ग ह्यमाण आदिस्तन्मध्यपतितानामात्मना सह ग्राहको भवति। यथा

अणिति अइउवर्णानां संज्ञा। एवमच् हल् इत्यादयः।

अर्थ-अन्त्य इत् संज्ञक से युक्त रहने वाला आदि वर्ण, मध्यवर्ण, अन्तिम वर्ण, अपने साथ का ग्राहक होता है। यथाण्–जैसे अण् यइ अ इ उ वर्णों की संज्ञा है।

कहने का तात्पर्य यह है कि, जैसे किसी सूत्र में अण् प्रत्याहार या अक् अथवा अच् प्रत्याहार का वर्णन किया हो तो अच् प्रत्याहार के अन्तर्गत अ इ उ ऋ ल ए ओ ऐ औ ये वर्ण लिये जायेंगे। किसी ने कहा कि ण् क् जो इत् संज्ञक उसको भी ग्रहण कर लिया जाये, परंतु उनका ग्रहण नहीं होगा क्योंकि चौदह सूत्र में अगर किसी सूत्र में अल् प्रत्याहार कहा तो कुछ वर्ण दो बार हो जायेंगे । अतः जो प्रत्याहार का वर्णन करेंगे वह उसी का बोधक होगा। इन सूत्रों के माध्यम से चवालीस (४४) प्रत्याहार बनते हैं। यह प्रत्याहार बनाने वाला सूत्र है। **"प्रत्याहार"** का अर्थ है – संक्षेप में कथन। अ इ उण् आदि १४ सूत्रों से प्रत्याहार बनाए जाते हैं। व्याकरण में इन प्रत्याहारों का बहुत अधिक उपयोग होता है। अतः प्रत्याहार बनाने का ढंग ठीक समझ लेना चाहिए। प्रत्याहार बनाने के नियम ये हैं– (१) **'अइउण्'** आदि सूत्रों के अंतिम अक्षर (ण् क् आदि) प्रत्याहार में नहीं गिने जाते हैं। अंतिम अक्षर केवल प्रत्याहार बनाने के साधन हैं। (२) जो प्रत्याहार बनाना हो, उसके लिए प्रथम अक्षर सूत्रों में जहाँ हो, वहाँ ढूँढना चाहिए। अंतिम अक्षर सूत्रों के अंतिम अक्षरों में ढूँढिए। बीच के सारे अक्षर उस प्रत्याहार में माने जाएँगें जैसे–अण्–अ से लेकर अ इ उ ण के ण् तक अर्थात् अ इ उ ये तीन वर्ण लेना। इसी प्रकार अन्य प्रत्याहार बनाने चाहिए। उन चवालीस प्रत्याहारों का किस सूत्र में कथन किया है यह दर्शाते हैं। यथा–

	प्रत्याहार	**स ज्ञा वर्ण**	**उदाहरण सूत्र**
१.	अण्	अ, इ, उ	**"रन्तो णुः"**
२.	अक्	अ, इ, उ, ऋ, ल	**"स्वे र्कोदीः"**
३.	इक्	इ, उ, ऋ, ल	**"अचीकोयण्"**
४.	उक्	उ, ऋ, ल	**"उगिहन्नान्डी"**
५.	एङ्	ए, ओ	**"एङो ति पदान्तात्"**
६.	अच्	सम्पूर्ण स्वर	**"अचीको यण्"**
		(अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ , ल , ल ....,ए,ऐ,ओ,औ)	

७.	इच्	अ को छोड़ सम्पूर्ण स्वर	**"नेच्यात्"**
८.	एच्	ए,ओ,ऐ,औ	**"एचो यवायावः"**
९.	ऐच्	ऐ, औ	**"आदैगैप्"**
१०.	अट्	स्वर;ह्,य्,व्,र्	**"अट्कुप्वाङ् व्यवाये पि"**
११.	अण्	स्वर;ह् और अन्तःस्थ (य,र,ल,व)	**"अणुदित्स्वस्यात्मना भाव्यो तपरः"**
१२.	इण्	अ को छोड़ स्वर; ह्; अन्तःस्थ (य,र,ल,व)	**"वेटः"**
१३.	यण्	य,र,ल,व	**"अचीको यण"**
१४.	अम्	स्वर;ह्;अन्तस्थ;वर्णप चम (ङ्,ञ,ण्,न्,म्)	**"पुमः खय्यम्परे सीसुक्"**
१५.	यम्	अन्तःस्थ;, वर्णप चम	**"हलोयमां यमिखम्"**
१६.	ञम्	ञ्,म्,ङ्,ण्,न्	
१७.	ङम्	ङ्,ण्,न्	**"ङमो नित्यं ङमुट् प्रात्"**
१८.	यञ्	अन्तःस्थ;वर्णप चम;झ,भ्	**"यञ्यतो दीः"**
१९.	झष	झ,भ्,घ्,द्,ध्	**"एकाचो बशो भष् झषःस्ध्वोः"**
२०.	भष्	भ्,घ्,द्,ध्	**"एकाचो बशो भष् झषःस्ध्वोः"**
२१.	अश्	स्वर;ह्; अन्तःस्थ; वर्गों के प चम–चतुर्थ–त तीय	**"ओद पूर्वस्य यो शि"**
२२.	हश्	ह्;अन्तःस्थ; वर्गों के प चम–चतुर्थ–त तीय	**"रेरद्धशो"**
२३.	वश	व्,र्,ल् वर्गों के ५–४–३	**"वशि"**

२४.	जश्	ज्,ब्,ग्,ड्,द्	**"झलो जश्"**
२५.	झश्	वर्गों के ४–३	**"झलां जश् झशि"**
२६.	बश्	ब्,ग्,ड्,द्	**"एकाचो बशो भप् झषःस्ध्वोः"**
२७.	छब्	छ्,ठ्,थ्,च्,ट्,त्	**"नश्छव्यप्रशान्"**
२८.	ययं	अन्तःस्थ; सब वर्ग	**"यय्यनुस्वारस्य परस्वम्"**
२९.	मय्	ञ् को छोड़कर सब वर्ग	**"मयोवो च्युञः"**
३०.	झय्	वर्गों के ४–३–२–१	**"झयो हः"**
३१.	खय्	वर्गों के प्रथम तथा द्वितीय	**"पुमःखय्यम्परे सीसुक्"**
३२.	चय्	च्,ट्,त्,क्,प्	
३३.	यर्	अन्तःस्थ; वर्ग श्,ष्,स्	**"यरो ञो विभाषाञे"**
३४.	झर्	वर्गों के ४,३,२,१;श्,ष्,स्	**"झरो झरि स्वे"**
३५.	खर्	वर्गों के १,२; श्,ष्,स्	**"खरि"**
३६.	चर्	च्,ट्,त्,क्,प्,श्,ष्,स्	**"चे चर्त्वम्"**
३७.	शर्	श्,ष्,स्	**"ङ्णौः कुक्टुक्शरि"**
३८.	अल्	सब स्वर; सब व्य जन	**"अन्ते लः"**
३९.	हल्	सब व्य जन	**"हलोन्तरा स्फः"**
४०.	वल्	य् को छोड़ सब व्य जन	**"वलि व्योः खं"**
४१.	रल्	य्,व् को छोड़ सब व्य जन	**"वचिलु च्य त्त षिमिष क ष"**
			"व्युञो वोहनः संश्च"
४२.	झल्	वर्गों के ४,३,२,१; ऊष्म	**"झलो झाली"**
४३.	रँ	र्,ल्	**"रन्तो णुः"**

४. संज्ञासूत्रम् – आकालो च् प्रदीपः।।१.२.११।।

अ आ आ३ इत्येवं काल इव कालो सो च् यथासंख्यं प्रदीप इत्येवं संज्ञो भवति। स प्रत्येकमुदात्तानुदात्तस्वरितभेदेन त्रिधा।

अर्थ- एकमात्रिक, द्विमात्रिक तथा त्रिमात्रिक अकार के उच्चारणकाल के सद श जिस अच् का उच्चारणकाल हो, वह अच् क्रमशः प्र,दी,प संज्ञक होता है और वह अच् के तीनों भेदों में हर एक के उदात्त, अनुदात्त और स्वरित के भेद से तीन भेद होते हैं।

विशेष-"प्र को ह्रस्व, दी को दीर्घ और प को प्लुत कहते हैं। "

५. संज्ञासूत्रम् – उच्चनीचावुदात्तानुदातौ।।१.१.१३।।

तालवादिस्थान ऊर्ध्वभागनिष्पन्न उदात्तसंज्ञो भवति। नीचभागनिष्पन्नो नुदात्तः।

अर्थ- तालु आदि स्थानों में जो अच् ऊपर के भाग से बोला जाता है। उसे उदात्त कहते हैं और तालु आदि के अधोभाग से जो अच् बोला जाता है वह अनुदात्त संज्ञक कहलाता है। कण्ठ, तालु आदि के दो भाग हैं–एक ऊपरी और दूसरा नीचे का। ऊपरी भाग से उत्पन्न स्वर उदात्त होता है और नीचे के भाग से उत्पन्न स्वर अनुदात्त होता है।

६. संज्ञासूत्रम् – व्यामिश्रः स्वरितः।।१.१.१४।।

उच्चनीयगुणव्यामिश्रो च् स्वरितसंज्ञो भवति। स नवविधो पि ङसंज्ञको ङसंज्ञक इति द्विविधः।

अर्थ- उदात्त और अनुदात्त धर्म से मिला हुआ अच् स्वरित संज्ञक होता है। अर्थात् तालु आदि स्थानों के मध्य भाग से जिस स्वर की उत्पत्ति होती है, उसे स्वरित कहते हैं। वह नव प्रकार का अच् ङसंज्ञक और अङसंज्ञक के भेद से दो प्रकार है।

विशेष - अच् की सबसे पहले प्र **"ह्रस्व"**, दी **"दीर्घ"** और प **"प्लुत"** ये तीन संज्ञाए की हैं। पुनः उदात्त, अनुदात्त और स्वरित ये तीन संज्ञा की। ३X३=९ भेद–होने के बाद प्रत्येक ङ (अनुनासिक) और अङ (अननुनासिक) ये दो भेद और मिलाने से ९ X २ =१८ इस प्रकार अ अठारह का बोधक होता है। इसी प्रकार इ और उ भी अठारह का बोधक है।

७. संज्ञासूत्रम् – नासिक्यो ङः।।१.१.४।।

नासिकायां भवो वर्णो ङसंज्ञो भवति। तदेवम् अ इ उ ऋ एषां प्रत्येकमष्टादशभेदाः। ल वर्णस्य द्वादश । तस्य दी-अभावात् । एचामपि द्वादश । तेषां प्राभावात् । कारसन्ध्यक्षराणां

प्रोनास्ति। अतस्तानि द्वादश प्रभेदानि।

अर्थ- नाक के माध्यम से जो वर्ण बोला जाता है, वह वर्ण ङ संज्ञक होता है। इस प्रकार अ इ उ ऋ ल ये प्रत्येक के अठारह भेद होते हैं। सन्ध्यक्षर वर्णों के प्र को छोड़कर दी और प वर्णों से युक्त बारह भेद होते हैं। अर्थात् ए,ओ,ऐ, और औ ये प्र (ह्रस्व) वर्ण नहीं होते हैं। कहा भी है– **"एकारादीनि सन्ध्यक्षराणि" "कात्रन्त्ररूपमाला सूत्र न. ६"** ए ओ ऐ औ इनके ह्रस्व नहीं होते हैं अतः ये बारह भेद वाले हैं। अठारह भेद कैसे होते हैं तो **"आकालो च् प्रदीपः"** आदि सूत्र के माध्यम से बता चुकें हैं।

८. संज्ञासूत्रम् – सस्थानक्रियं स्वम्।।१.१.२।।

ताल्वादिस्थानमाभ्यन्तर क्रिया च यदीये च यदीये यदीयाभ्यां तुल्ये तन्मिथः स्वसंज्ञं भवति। रेफोष्मणां स्वं नास्ति ।

अर्थ- तालु आदि स्थान और आभ्यन्तर क्रिया ये दोनों जिस वर्ण के साथ तुल्य हो तो वह वर्ण स्व संज्ञक होता है। "रेफोष्मणां नास्ति।"

अर्थ- रेफ् और उष्ण वर्णों की स्व संज्ञा नहीं होती है।

वार्तिकम् – <u>"ऋकालृकारयोः स्व संज्ञा वक्तव्याः"।।</u>

अर्थ- ऋकार और ल कार भी स्व संज्ञक कहना चाहिए।

"अकुहविसर्जनीयाः कण्ठया"

अर्थ- अठारह प्रकार का अवर्ण, कवर्ग, हकार और विसर्ग इनका बोलने का स्थान कण्ठय है।

अर्थ- जिह्वामूली का स्थान जिह्वय है। अठारह प्रकार के इवर्ण, शकार, यकार, चवर्ग, ए, ऐ इनका स्थान तालव्य है। अठारह प्रकार का उवर्ण, पवर्ग, ओ, औ और उपध्मानीय इनका स्थान ओष्ठा है। ल , तवर्ग, ल, सकार इनका स्थान दन्त्य है। अनुस्वार का स्थान नासिक्य है। इस प्रकार स्थान कहे गये।

नोट- ए,ऐ इनके बोलने का स्थान कण्ठ और तानु है। ओ, औ का स्थान कण्ठ और तालु है क्योंकि ये वर्ण दो वर्णों के संयोग से बनते हैं। **"वकारस्य दन्तोष्ठम्"** बकार का स्थान दन्त और ओष्ठ है।

यत्न को क्रिया कहते हैं। **"द्रव्यस्य देशान्तरप्राप्तिहेतुरान्तरं परिस्पन्दः क्रिया।"** वह क्रिया दो प्रकार की है। आभ्यान्तर (अन्दर का) और बाह्य (बाहर का) के भेद से। आभ्यन्तर क्रिया चार प्रकार की है। स्प ष्ट, ईषत्स्प ष्ट, ईषद्विव त और संव त के भेद से। उनमें वर्गों का स्प ष्ट है। ईषत्स्प ष्ट को करने वाले अन्तःस्थ है। ईषद्विव त को करने वाले ऊष्म वर्ण हैं। विव त को करने वाले स्वर वर्ण हैं। संव त कारण को कोई अवर्ण का पा चवा– मानते हैं। प्र अ का प्रयोग की अवस्था में संव त प्रयत्न होता है और प्रक्रिया (रूप–निर्माण) की अवस्था में विव त प्रयत्न होता है। बाह्य क्रिया आठ प्रकार की है। विवार, संवार, श्वास, नाद, घोष, अघोष, अल्पप्राण और महाप्राण आदि भेद है। वर्गों का प्रथम, द्वितीय और श,ष,स और विसर्ग इनके श्वस, अघोष और विवार में बाह्य क्रिया है। वर्गों के त तीय, चतुर्थ, प चम, हकार और यण् **"य,र,व,ल"** इनके संवार, नाद और घोष ये बाह्य क्रिया है। वर्गों के प्रथम, त तीय, प चम, य,र,ल और व ये वर्ण अल्पसंज्ञक हैं। वर्गों के द्वितीय, चतुर्थ शल् **"श,ष,स,ह"** ये वर्ण महाप्राण संज्ञक हैं। कवर्ग को आदि लेकर पा च वर्ग हैं। **"कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग और पवर्ग के नाम से। "ते वर्गाः प च प च प च"** कातन्त्र रूपमाला सूत्र नं. १२।" य,र,ल,व अन्तःस्थ कहलाते हैं। **"अन्तःस्था यरलवाः"** कातन्त्र १६। श,ष,स और ह ये उष्म कहलाते हैं। अच् प्रत्याहार को स्वर कहते हैं। **"तत्र चतुर्दशादौ स्वंशः"** कातन्त्रर अच् प्रत्याहार के अन्तगर्त किसी भी एक स्वर के ऊपर जो एक शून्य "०" रहता है। उसे अनुस्वार कहते हैं और स्वर के आगे जो दो शून्य ':' रहते हैं उसे विसर्ग कहते हैं। क् अथवा ख् वर्ण से पूर्व अर्ध विसर्ग '॑' के सद श उच्चारण को उपध्मानीय कहते हैं।

"वकारो दन्तोष्ठयः। ऋटुरषा मूर्धन्याः। एदैतौकण्ठतालव्यावेकेषाम्। ओदौतौ कण्ठोष्ठयावेकेषाम्। रेको दन्तमूल्य एकेषाम् ञमङणनाः स्वस्थानाः।

वकार का दन्तोष्ठय स्थान है। ऋ वर्ग, ट वर्ग, र,ष इनका स्थान मूर्धन्य है। ए और ऐ का स्थान कण्ठय और तालव्य है। ऐसा कोई कहते हैं। ओ और औ का कण्ठोष्ठय स्थान कोई कहते हैं। रेफ का दन्तमूल्य स्थान कोई कहते हैं। ञ, म, ङ, ण, न का स्वस्थान भी कहते हैं। " यह विषय महाव ति से लिया है।

(१) विवार–जिन वर्णों के उच्चारण में स्वरतन्त्री का मुँह खुला रहता है, उनका प्रयत्न विवार है। (२) संवार–जिन वर्णों के उच्चारण में स्वरतन्त्री का मुँह बन्द रहता है, उनका प्रयत्न संवार है। (३) श्वास–श्वास वर्णों के उच्चारण में अन्दर की वायु स्वरतन्त्री में झंकार या रगड़ किए बिना ही बाहर आती है। (४) नाद–नाद वर्णों के उच्चारण में अन्दर की वायु स्वरतन्त्री

भाषा का महत्त्व

भाषा मानवमात्र के भावों और विचारों के पारस्परिक आदान–प्रदान का सर्वोत्तम साधन है। भाषा के माध्यम से ही वह अपने विचारों को दूसरों तक पहुँचाता है और दूसरों के विचारों को ग्रहण करता है। यदि संसार में भाषा जैसी कोई वस्तु न होती तो संसार का काम नहीं चल सकता था। अत एव दण्डी का कथन मुख्य है कि **"वाणी के बिना संसार का काम नहीं चल सकता है। यदि शब्द नामक ज्योति संसार को प्रकाशित न करती तो यह सारा संसार अविद्या के अन्धकार से व्याप्त हो जाता"।**

भाषा शब्द भाष् (भाष व्यक्तायां वाचि– स्पष्ट बोलना) धातु से बना है। भाषा का अर्थ है व्यक्त वाणी अर्थात् जिसमें वर्णों का स्पष्ट उच्चारण होता है।

व्याकरण शब्द वि और आ उपसर्ग पूर्वक कृ धातु से यु (अन) प्रत्यय से बनता है। **"व्याक्रियन्ते विविच्यन्ते प्रकृतिप्रत्ययादयो यत्र तद् व्याकरणम्"** जिसमें शब्दों के प्रकृति (मूल शब्द या धातु) और प्रत्ययों आदि का विवेचन किया जाता है, उसे व्याकरण कहते हैं।

व्याकरण का उद्देश्य है – साधु या शिष्ट–प्रयोगोचित शब्दों का ज्ञान कराना, असाधु शब्दों का निराकरण, भाषा के स्वरूप पर नियन्त्रण रखना और प्रकृति–प्रत्यय के बोध द्वारा शब्दों के वास्तविक रूप का स्पष्टीकरण। पतंजलि ने व्याकरण के मुख्य रूप से पांच उद्देश्य बताऐं हैं।–

१. रक्षा, २. ऊह (तर्क), ३. आगम, ४. लघु और ५. असन्देह।

जो व्याकरण को नहीं जानता और अनभिज्ञ है, वह वाक् तत्त्व को देखते हुए भी नहीं देखता है और उसे सुनते हुए भी नहीं सुनता है। परन्तु जो वाक् तत्त्व को जानता है और शब्दवित् है, उसके लिये वाणी अपने स्वरूप को इसी प्रकार प्रकट करती है, जैसे स्त्री अपने स्वरूप को अपने पति के लिए।

आचार्य श्री शर्ववर्मकृत **"कातन्त्र–रूपमाला"** का हिन्दी अनुवाद ब्र. प्रदीप जी पीयूष द्वारा भाषा पर अधिकार प्राप्त करने के लिये ही किया गया है। सामान्यतया व्याकरण का इच्छुक यदि इस अनुवाद का आधार लेकर पठन करता है, तो वह अवश्य ही भाषा को हृदयंगत कर, जैनागम के रहस्य को प्रस्फुटित कर सकता है।

प्रस्तुत कातन्त्र–रूपमाला की पञ्च–सन्धि का प्रकाशन हो रहा है। यह अत्यधिक प्रसन्नता का विषय है। हम भी इस व्याकरण के हृदय को समझ सकें यही प्रार्थना वीर प्रभु से करते हैं।

पं. कोमल प्रसाद शास्त्री
५. ई २३, तलवण्ड़ी, कोटा (राज.)
०७४४–२४०६५३५३, ०६४१४४–८८६६१

पं. महेश चन्द शास्त्री
पुष्प पुंज, ३० सरलाबाग, दयालबाग
आगरा (उ.प्र.) ०६३५६७–६३५०८

सन्धि विवेचन

पञ्च–सन्धि – १. स्वर–सन्धि (अच्–सन्धि), २. प्रकृतिभावसन्धि, ३. व्यञ्जनसन्धि, ४. विसर्गसन्धि, ५. स्यादिसन्धि (स्वादिसन्धि)। सामान्य रूप में सन्धियाँ स्वर, व्यञ्जन और विसर्ग के रूप में प्रसिद्ध हैं। ये सन्धियाँ कहाँ आवश्यक हैं और ऐच्छिक हैं, इस सम्बन्ध में शास्त्र का निर्देश इस प्रकार है– सन्धि एक पद में, धातु और उपसर्ग के योग में तथा समास में नित्य होती है, किन्तु वाक्य में सन्धि करना या नहीं करना, कहने, लिखने वाले के इच्छाधीन है।

सन्धि विवेचन – सन्धि शब्द का जो अर्थ समाज में है, वही व्याकरण शास्त्र में भी है। जैसे समाज में सन्धि की विशेष शर्तें होती हैं, वैसे ही व्याकरण शास्त्र में भी प्रत्येक सन्धि के अलग–अलग नियम होते हैं। जिस प्रकार विरक्त या तटस्थ पुरुषों में सन्धि अथवा विग्रह का कोई प्रभाव नहीं पड़ता ठीक ऐसी ही स्थिति प्रकृतिभाव सन्धि की भी है। इसमे सन्धि करने से कोई परिवर्तन नहीं होता। कुछ सन्धियाँ ऐसी है, जिनमें सन्धि करने पर परिवर्तन होता है और पूर्ववत् भी रह जाता है, ऐसी स्थिति को "विकल्प" कहते हैं।

सन्धि स्वरूप – व्याकरण के नियमों के अनुसार स्वर, व्याकरण तथा विसर्गों के विकार युक्त मेल को सन्धि कहते हैं। यथा – सु + आगतम् = स्वागतम्। यदि दोनों वर्णों के मिलने से कोई परिवर्तन नहीं होता तो वह सन्धि नहीं अपि तु संयोग है। यथा – तत् + र् = तत्र। सन्धि करने से कहीं पर दो अक्षरों के बीच में एक अक्षर आ जाता है। जैसे नै + अक = नायकः। और कहीं पर अक्षर का लोप हो जाता है। यथा – स्त्रियः + आयान्ति =स्त्रिय आयान्ति इत्यादि।

सन्धि प्रयोग का सिद्धान्त – सन्धि वक्ता की इच्छा पर निर्भर करता है, इसकी पुष्टि में एक कारिका प्रसिद्ध है।

संहितैकपदे नित्या, नित्या धातूपसर्गयोः।
नित्या समासे वाक्ये तु, सा विवक्षामपेक्षते।।

अर्थात् वर्णों की अत्यन्त समीपता को संहिता कहते हैं, इसमें नित्य सन्धि होती है। यथा – जिन + इन्द्र = जिनेन्द्र। धातु और उपसर्ग के योग्य में नित्य सन्धि होती है। यथा – प्र + एजते = प्रैजते। समास में भी नित्य सन्धि होती है। यथा – जितानि इन्द्रियाणि येन सः = जितेन्द्रिय। वाक्य में सन्धि कार्य वक्ता के इच्छाधीन रहता है, चाहे वह करे या नहीं करे।

पं. सुमत प्रकाश जैन (चीफ. ईन्जी.रि.)
१–६३६ विद्याधर नगर, द्वारका स्वीट के पास
जयपुर (राज.) ०६४१३३००६१०

में झंकार करती हुई या रगड़ती हुई बाहर आती है, अतः इनके उच्चारण में झंकार या अनुरणन रहता है। (५) घोष–घोष वर्णे के उच्चारण में ध्वनि या गूंज रहती है। (६) अघोष–अघोष वर्णों के उच्चारण में ध्वनि या गूंज नहीं रहती है। (७) अल्पप्राण–इन वर्णों के उच्चारण में अन्दर की थोड़ी वायु का उपयोग होता है। (८) महाप्राण– इन वर्णों के उच्चारण में अन्दर की अधिक वायु का उपयोग होता है। जिह्वामूलीय–यह ध्वनि जीभ की जड़ के पास से निकलती है। उपध्मानीय– यह ध्वनि ओष्ठ से कुछ अधिक श्वास के बल के साथ बोली जाती है। अतः सामान्यतया इनके उच्चारण में प्प, प्फ जैसी ध्वनि होती है।

"स्थान बोधक चक्र"

कण्ठयः कण्ठय	जिह्वयाः कण्ठय	तालव्यः मूर्धन्या	ओष्ठोयोः	दन्त्याः	जासिक्य	दन्तोष्ठय
			तालव्य	ओष्ठय		
अ	इ उ	ल ञ्	व्	ए ओ		ऋ
क् ँक	श् प्	त् म्		ऐ औ		ट्
ख् ँख	य फ्	थ् ङ्				ठ्
ग्	य् ब्	द् ण्				ड्
घ्	छ् भ्	ध् न्				ढ्
ङ्	ज् म्	न् न्				ण्
ह्	झ् ओ	ल्				र्
:	म् औ	स्				ष्
	ँप					
	ँफ					

"आभ्यान्तर-क्रिया-बोधक चक्र"

"अन्ये"

स्पष्ट	ईषत्स्वष्ट	विवृतम्	ईषद्विवृतम्	संवृत
क्,ख्,ग्,घ्,ङ्	य्	अ,इ	श्	अ,आ
च्,छ्,ज्,झ्,ञ्	व्	उ,ऋ	ष्	
ट्,ठ्,ड्,ढ्,ण्	र्	ल,ए	स्	
त्,थ्,द्,ध्,न्	ल्	ओ, ऐ	ह्	
प्,फ्,ब्,भ्,म		औ		

"अथ बाह्य क्रिया-बोधक चक्र"

श्वासः अघो षः, विवारः		संवारः नादः घोषः अल्पप्राणः	महाप्राण
क्,ख्	ग्,घ्,ङ्	क्,ग्,ङ्	ख्,घ्
